आमोखस व मिडिया की खबरों व प्रथम समाचार पत्र

RNI No. UPHIN/2012/47484



# जननायक सम्राट

उत्तर प्रदेश के विभिन्न जनपदों अलीगढ़ हाथरस ऐटा कासगंज बदायूं बुलंदशहर मथुरा आदि से प्रसारित व अलीगढ़ से प्रकाशित



बर्ष :13 अंक :465 पृष्ठ -4 दिनांक 29 अप्रेल 2025 दिन मंगलवार

## यूपी में वसीयत और बंटवारों के मामलों में योगी सरकार का बड़ा फैसला

## सभी 75 जिलों में लागू होगा एक नियम

उत्तर प्रदेश सरकार नगरीय निकायों में संपत्ति से जुड़ी सेवाओं को सरल और एक समान बनाने जा रही है. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने निर्देश दिए हैं कि वसीयत, बंटवारा या नामांतरण जैसे मामलों में अब सभी नगर निगमों, नगर पालिका परिषदों और नगर पंचायतों में एक जैसी प्रक्रिया और शुल्क व्यवस्था लागू की जाए. सरकार का मकसद है कि प्रदेश के नागरिकों को समान, पारदर्शी और सरल सेवाएं मिलें. फिलहाल प्रदेश के अलग–अलग शहरों में वसीयत या संपत्ति के बंटवारे पर शुल्क और प्रक्रिया अलग–अलग हैं. जैसे गाजियाबाद में वसीयत के नामांतरण पर 5000 शुल्क लिया जाता है, जबकि लखनऊ नगर निगम में यह निशुल्क है. मेरठ में संपत्ति बंटवारे पर 3: शुल्क देना पड़ता है, जबकि प्रयागराज में केवल 2000 ही लिए जाते हैं. इसी तरह, कई पालिका परिषदों और नगर पंचायतों में भी भारी भिन्नता है, जिससे आम लोगों को काफी परेशानी और भ्रम का सामना करना पड़ता



है.मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इस असमानता को खत्म करने के निर्देश दिए हैं. अब पूरे प्रदेश में आवास एवं शहरी नियोजन विभाग द्वारा तय मानकों के हिसाब से एक समान नियम और शुल्क लागू किए जाएंगे. इसका फायदा यह होगा कि नागरिकों को न तो अलग–अलग शहरों में भटकना पड़ेगा और न ही अलग–अलग रकम चुकानी होगी. हर जगह एक जैसी प्रक्रिया और शुल्क से पारदर्शिता भी बढ़ेगी और भ्रष्टाचार पर अंकुश लगेगा.नई नियमावली और शुल्क दर तय करने का काम शुरूसिर्फ वसीयत और बंटवारे ही नहीं, बल्कि संपत्ति कर निर्धारण की प्रक्रिया में भी एकरूपता लाई जाएगी. अब नगर निगम, नगर पालिका परिषद और नगर पंचायतों में कर निर्धारण से लेकर नामांतरण तक सभी कार्य एक तय नियम के तहत होंगे. इससे न केवल प्रक्रिया तेज होगी, बल्कि नागरिकों का समय और पैसा दोनों बचेगा.

## वर्ष 2025–26 के तहत गेहूं खरीद केंद्रों पर किसानों की भागीदारी तेजी से बढ़ी

योगी सरकार की किसानों के हित में बनाई गई सकारात्मक नीतियों का असर अब साफ नजर आ रहा है. रबी विपणन वर्ष 2025–26 के तहत गेहूं खरीद केंद्रों पर किसानों की भागीदारी तेजी से बढ़ रही है. सरकारी आंकड़ों के मुताबिक, गेहूं बिक्री के लिए सिर्फ 42 दिनों में 4,20,837 किसानों ने पंजीकरण करा लिया है. यानी औसतन प्रतिदिन एक हजार से अधिक किसान सरकारी खरीद केंद्रों का रुख कर रहे हैं.अब तक 1.17 लाख से ज्यादा किसानों से लगभग 6.50 लाख मीट्रिक टन गेहूं खरीदा जा चुका है. गेहूं खरीद की प्रक्रिया 17 मार्च से शुरू हुई थी, जो 15 जून तक चलेगी. खास बात यह है कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर अवकाश के दिनों में भी खाद्य एवं रसद विभाग के अधिकारी गांव–गांव जाकर किसानों से संवाद कर रहे हैं और मोबाइल क्रय केंद्रों के जरिए खरीदारी जारी है.प्रद. `शभर में इस समय 5849 क्रय केंद्रों पर गेहूं की खरीद की जा रही है. किसानों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए केंद्रों पर स्वच्छ पेयजल, छांव और बैठने की समुचित व्यवस्था की गई है. किसानों से गेहूं की खरीद न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) 2425 रुपये प्रति क्विंटल पर की जा रही है. इसके साथ ही उतराई, छनाई व सफाई के लिए अतिरिक्त 20 रुपये प्रति क्विंटल भी दिए जा रहे हैं.



सरकार ने यह भी स्पष्ट किया है कि जिन किसानों ने अभी तक अपना पंजीकरण या नवीनीकरण नहीं कराया है, वे बि.नच.हवअ. पद पोर्टल या न्च झपेंद डपजतं ऐप के जरिए अभी भी पंजीकरण कर सकते हैं. किसानों की समस्याओं के समाधान के लिए हेल्पलाइन नंबर 18001800150 भी सक्रिय है, जहां से शिकायतों का त्वरित निस्तारण कराया जा रहा है.पिछले वर्षों की तुलना में इस बार गेहूं खरीद में तेजी देखी जा रही है. 2022 और 2023 में भी योगी सरकार ने गेहूं खरीद के मामलों में राष्ट्रीय स्तर पर सराहना प्राप्त की थी. सरकार का लक्ष्य न केवल अधिक से अधिक किसानों से फसल खरीदना है, बल्कि पारदर्शी और किसानों के अनुकूल प्रणाली के जरिए उन्हें समय पर भुगतान भी सुनिश्चित करना है.खाद्य आयुक्त ने सभी जिलाधिकारियों और संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया है कि किसान बिना किसी असुविधा के अपने गेहूं की बिक्री कर सकें और उन्हें समय पर भुगतान मिले. ऐसे प्रयासों के चलते किसानों का विश्वास सरकारी खरीद व्यवस्था पर लगातार बढ़ता जा रहा है.

## देवरिया को करोड़ों रुपये की 160 परियोजनाओं का तोहफा देने कल आएंगे सीएम योगी

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ 29 अप्रैल को देवरिया के दौरे पर रहेंगे और जिले को बड़ी विकास परियोजनाओं की सौगात देंगे. मुख्यमंत्री यहां लगभग 676 करोड़ 32 लाख रुपये की कुल 501 परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास करेंगे. यह कार्यक्रम देवरिया के राजकीय महाविद्यालय, पड़ियापार, विकासखंड देसही में आयोजित होगा. साथ ही मुख्यमंत्री आमजन से संवाद भी करेंगे और जिले के विकास को लेकर भविष्य की योजनाओं की झलक भी पेश करेंगे.मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ इस दौरे में 341 परियोजनाओं का लोकार्पण और 160 परियोजनाओं का शिलान्यास करेंगे. लोकार्पण होने वाली परियोजनाओं में जिला पंचायत की सबसे अधिक 215 परियोजनाएं शामिल हैं, जिनकी लागत करीब 22.59 करोड़ रुपये है. इसके अलावा लोक निर्माण विभाग की 29, नमामि गंगे और ग्रामीण जलापूर्ति विभाग की 26, सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग की 12 तथा नगर पालिका परिषद गौरा बरहज की 10 परियोजनाओं का भी लोकार्पण किया जाएगा.शिलान्यास की बात करें तो सबसे अधिक परियोजनाएं लोक निर्माण विभाग की होंगी. मुख्यमंत्री 28 लोक निर्माण परियोजनाओं का शिलान्यास करेंगे. इनके अलावा ग्रामीण अभियंत्रण विभाग और सिंचाई–जल संसाधन विभाग की 15–15, नगर पंचायत लार की 14, जिला नगरीय विकास अभिकरण (डूडा) की 13 तथा आयुष और नियोजन विभाग की 11–11 परियोजनाओं का भी शिलान्यास किया जाएगा.गौरतलब है कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पूर्वी उत्तर प्रदेश के विकास को लेकर लगातार प्रयासरत हैं. देवरिया, जो कभी विकास की मुख्यधारा से पिछड़ा माना जाता था, अब तेजी से बदल रहा है. सड़क, पानी, स्वास्थ्य और शिक्षा जैसे क्षेत्रों में निरंतर नए प्रोजेक्ट लाए जा रहे हैं. इसी कड़ी में मुख्यमंत्री का यह दौरा भी महत्वपूर्ण माना जा रहा है. उनके इस दौरे से देवरिया के लोगों को बेहतर बुनियादी सुविधाएं मिलने की उम्मीद है.कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों और बड़ी संख्या में आम जनता के मौजूद रहने की संभावना है. प्रशासन ने कार्यक्रम की तैयारियों को अंतिम रूप देना शुरू कर दिया है.

## चारधाम में पाकिस्तान से आ सकेंगे हिंदू?

जम्मू–कश्मीर के पहलगाम में पर्यटकों पर हुए आतंकी हमले के बाद देशभर मेंआक्रोश का माहौल है. इस घटना का असर अब चारधाम यात्रा पर भी दिखाई देने लगा है. पाकिस्तान से चारधाम यात्रा के लिए पंजीकरण कराने वाले 77 हिंदू श्रद्धालुओं का भारत आना अब मुश्किल हो गया है. केंद्र सरकार ने सुरक्षा कारणों के चलते पाकिस्तान से आने वाले लोगों को वीजा जारी न करने का निर्णय लिया है.गौरतलब है कि इस बार चारधाम यात्रा को लेकर श्रद्धालुओं में भारी उत्साह देखा जा रहा है. 30 अप्रैल से शुरू हो रही यात्रा के लिए अब तक 21 लाख से अधिक ऑनलाइन पंजीकरण हो चुके हैं. इनमें विदेशों से आने वाले यात्रियों की संख्या भी उल्लेखनीय है. विदेश से कुल 24,729 श्रद्धालुओं ने पंजीकरण कराया है, जिनमें सबसे अधिक संख्या अमेरिका, नेपाल और मलेशिया से आने वालों की है. पाकिस्तान से भी 77 श्रद्धालुओं ने यात्रा के लिए पंजीकरण कराया था.श्रद्धालुओं की स्क्रीनिंग और वे. रिफिकेशन भी और अधिक सख्त पर्यटन



मंत्री सतपाल महाराज ने जानकारी देते हुए कहा कि, श्केंद्र सरकार ने स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि वर्तमान परिस्थितियों को देखते हुए पाकिस्तान से आने वाले लोगों को वीजा न दिया जाए. साथ ही भारत में रह रहे पाकिस्तानी नागरिकों को भी 48 घंटे के भीतर देश छोड़ने का सख्त निर्देश दिया गया है.श उन्होंने कहा कि चारधाम यात्रा में श्रद्धालुओं की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है और इसी कारण सरकार ने यह कदम उठाया है.पहलगाम आतंकी हमले के बाद अखिलेश यादव के बयान से सहमत ओपी राजभर के बेटे अरविंद! कहा– आतंकवाद का...पाकिस्तानी नागरिकों के पंजीकरण अटकने से एक ओर जहाँ धार्मिक भावनाएँ प्रभावित हो रही हैं, वहीं सुरक्षा को लेकर उठाए गए कदम को आवश्यक भी माना जा रहा है. इस फैसले के बाद चारधाम यात्रा को लेकर विदेश से आने वाले अन्य श्रद्धालुओं की स्क्रीनिंग और वेरिफिकेशन भी और अधिक सख्त कर दिया गया है

## लखनऊः समय से पहले छोड़ा विद्यालय तो होगी कार्रवाई, विद्यालय में रुकने की अनिवार्यता समाप्त करने की मांग



लखनऊ परीषदीय विद्यालय में निर्धारित समय से पहले विद्यालय छोड़ने वाले शिक्षकों कर्मचारियों पर कार्रवाई होगी इसको लेकर बेसिक शिक्षा निदेशालय ने निर्देश जारी किया है। मालूम हो कि बढ़ती हुई गर्मी और लू को देखते हुए गुरुवार को बेसिक शिक्षा के निदेशक प्रताप सिंह बघेल ने स्कूलों को सुबह 07रू30 से 01रू30 बजे तक संचालित करने के आदेश दिए थे। जिसमें बच्चों की छुट्टी 12:30 बजे करने के निर्देश दिए गए थे। बच्चों की छुट्टी के बाद एक घंटे तक शिक्षक नामांकन व अन्य प्रशासनिक कार्य करने को कहा गया था। किंतु गोंडा, बहराइच और श्रावस्ती सहित कई जनपदों में निर्धारित समय से पहले ही स्कूल बंद करने की शिकायत मिल रही हैं। जिसको लेकर बेसिक शिक्षा विभाग सख्त हो गया है और निर्देश दिया है कि अगर निधारित समय से पहले विद्यालय बंद किया या फिर शिक्षकों ने स्कूल छोड़ा तो उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी ।दूसरी ओर कई शिक्षक संघ और एसोसिएशन ने बेसिक शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव व महा. निदेशक, स्कूल शिक्षा को पत्र भेजकर शिक्षकों के लिए अतिरिक्त एक घंटा विद्यालय में रुकने की अनिवार्यता समाप्त करने की मांग कर रहे हैं। प्राथमिक शिक्षक प्रशिक्षित स्नातक एसोसिएशन के प्रांतीय अध्यक्ष विनय कुमार सिंह ने कहा कि इस भीषण गर्मी में शिक्षकों को भी राहत देनी चाहिए, क्योंकि ग्रामीण क्षेत्रों में दोपहर में बिजली की कटौती भी होती है। नेटवर्क न आने या धीमा चलने के कारण ऑनलाइन फीडिंग का कार्य भी किया जाना संभव नहीं होता। ऐसे में शिक्षक विद्यालयों में रुककर कौन से काम करेंगे। उन्होंने कहा कि शिक्षकों के लिए अनिवार्य किए गए इस अतिरिक्त एक घंटे को अनिवार्य ना बनाकर वैकल्पिक बनाया जाए।

## यूपी में सीएम योगी आदित्यनाथ के निशाने पर आए ये 16 अफसर?

उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ के सरो. जिनी नगर में डिफेंस कॉरिडोर प्रोजेक्ट के लिए जमीन खरीद में बड़े घोटाले का खुलासा हुआ है. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर जांच कर रही राजस्व परिषद ने अपनी रिपोर्ट में प्रथम दृ ष्टया 16 अधिकारियों की भूमिका संदिग्ध पाई है. इन अधिकारियों में आईएएस अधिकारी अभिषेक प्रकाश का नाम भी शामिल है, जो पहले से ही एक निवेशक से पांच प्रतिशत रिश्वत मांगने के आरोप में निलंबित किए जा चुके हैं.सरकार अब इन सभी अधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की तैयारी में जुट गई है. नियुक्ति विभाग ने सभी पर विभागीय कार्यवाही शुरू करने के निर्देश दिए हैं.जांच के दायरे में आए सभी अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस भेजने के साथ ही भूमि अधिग्रहण के दौरान हुए आर्थिक नुकसान की भरपाई (रिकवरी) करने की प्रक्रिया भी तेज कर दी गई है. जांच में यह भी देखा जा रहा है कि किस अधिकारी की गलती से सरक. ारी खजाने को कितना नुकसान हुआ, उसी हिसाब से उनसे वसूली भी की जा सकती है .डिफेंस कॉरिडोर परियोजना सरकार की



बड़ी महत्वाकांक्षी योजना है, जिसका मकसद देश को रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाना है. इस परियोजना के तहत लखनऊ, झांसी, अलीगढ़, चित्रकूट, कानपुर और आगरा में डिफेंस इंडस्ट्रियल पार्क बनाए जा रहे हैं. लखनऊ में जमीन खरीद के दौरान कई अफसरों ने नियमों को ताक पर रखकर गलत तरीके से मुआवजा बांटा और सरकारी धन को चूना लगाया.हाईकोर्ट से स्टे लेकर नौकरी रहे दो अफसर जानकारी के मुताबिक,जांच के दायरे में आए दो पीसीएस अधिकारी फिलहाल हाईकोर्ट से स्टे लेकर नौकरी कर रहे हैं. अब सरकार उनके खिलाफ भी निलंबन और कानूनी कार्रवाई की तैयारी कर रही है. जो अधिकारी सेवानिवृत्त हो चुके हैं, उनकी पेंशन रोकने और अन्य दंडात्मक कार्रवाई पर विचार किया जा रहा है.इस पूरे मामले में मिली जानकारी के मुताबिक सबसे अहम आरोपी आईएएस अभिषेक प्रकाश पर जल्द ही रिकवरी नो. टिस जारी किया जाएगा. साथ ही जिन अधिकारियों ने हाईकोर्ट से स्टे लिया है, उनके खिलाफ मुकदमा तेज करने के लिए कोर्ट में प्रभावी पैरवी की जाएगी.डिफेंस कॉरिडोर जैसे राष्ट्रीय महत्व के प्रोजेक्ट में घोटाले को बेहद गंभीरता से लिया जा रहा है और दोषियों पर जल्द ही कड़ी कार्रवाई देखने को मिलेगी.

# हाथरस के हसायन के गांव बस्तोई के निकट एक अज्ञात वाहन ने सड़क पार कर रहे युवक को कुचल दिया



हाथरस के हसायन के गांव बस्तोई के निकट एक अज्ञात वाहन ने सड़क पार कर रहे युवक को कुचल दिया। हादसे में युवक की मौके पर ही मौत हो गई।मृतक की पहचान सिकंद्राराऊ के गांव जहांग. ीरपुर कोडरा निवासी प्रकाश (20 वर्ष) के रूप में हुई।मेहनत मजदूरी करके अपना जीवन यापन करता था। प्रकाश की शादी 17 मई को होनी थी।घटना उस समय हुई जब प्रकाश अपनी शादी के कार्ड बांटकर लौट रहा था। उसने गांव बस्तोई के पास अपनी बाइक खड़ी की और सड़क पार करने लगा। इसी दौरान सामने से आ रहे किसी अज्ञात वाहन ने उसे रौंद दिया। हादसे के बाद चालक वाहन लेकर फरार हो गया।परिजनों में शोक की लहरघटना के बाद मौके पर भीड़ जमा हो गई। कुछ लोग प्रकाश को तुरंत अस्पताल ले गए, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। प्रकाश की मौत की खबर सुनकर परिवार में कोहराम मच गया।

# हाथरस स्थित अपनाघर आश्रम जैन गढ़ी में कार्यकारिणी की बैठक संपन्न हुई

हाथरस स्थित अपनाघर आश्रम जैन गढ़ी में कार्यकारिणी की बैठक संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता दिलीप पोद्दार एडवोकेट ने की। संचालन सचिव चंद्रगुप्त विक्रमादित्य ने किया।संरक्षक मंडल के सदस्य और संस्थापक मदनलाल वार्ष्णेय, ओम प्रकाश गुप्ता और चमनेस राजपूत विशेष रूप से उपस्थित रहे। निवर्तमान कोषाध्यक्ष अनिल अग्रवाल ने वर्तमान कार्य योजना की समीक्षा प्रस्तुत की। नवनियुक्त कोषाध्यक्ष राकेश कुमार अग्रवाल ने आगामी कार्य योजना पर विचार रखे।कार्यकारिणी ने नवनिर्मित रसोई घर की तैयारी और लोकार्पण पर विस्तृत चर्चा की। वरिष्ठ चिकित्सक लक्ष्मीपति सेकसरिया ने प्रभुओं के स्वास्थ्य परीक्षण के लिए महत्वपूर्ण सुझाव दिए। नई कार्यकारिणी के शपथ ग्रहण समारोह की रूपरेखा पर भी विचार–विमर्श हुआ।यह रहे मुख्य रूप से मौजूद..बैठक में राकेश बंसल, वीना गुप्ता एडवोकेट, शरद कुमार अग्रवाल, राकेश कुमार अग्निहोत्री, ललितेश मोहन, आनंद गोयल, संजय कुमार अग्निहोत्री, हरिशंकर वर्मा, डॉ. कपिलेश मोहन, कपिल नरूला, चमनेस मोहन और सत्येंद्र कुमार सहित अन्य सदस्य मौजूद थे। बैठक के समापन पर पहलगाम आतंकी हमले में मृत लोगों की आत्मशांति के लिए 2 मिनट का मौन रखा गया

# जन स्वाभिमान सम्मेलन 4 मई को, रामजी लाल सुमन को दो–दो हाथ करने के लिए किया आमंत्रित




राजपूत करणी सेना के प्रदेश महासचिव निशांत चौहान ने कहा कि रामजी लाल सुमन ने करणी सेना को खुली चुनौती देते हुए दो–दो हाथ करने की बात कही थी, इसी का जवाब देने के लिए जन स्वाभिमान सम्मेलन बुलाया गया है। वे सुमन को दो–दो हाथ करने के लिए आमंत्रित करते हैं। वीर शिरोमणि राणा सांगा के सम्मान में सिकंदराराऊ विधानसभा क्षेत्र के गांव परसौली में आगामी 4 मई को होने वाले जन स्वाभिमान सम्मेलन को सफल बनाने के लिए 27 अप्रैल को जनसंपर्क अभियान चलाया गया। इसमें राजपूत करणी सेना के प्रदेश महासचिव निशांत चौहान ने कहा कि सपा सांसद रामजी लाल सुमन ने करणी सेना को खुली चुनौती देते हुए दो–दो हाथ करने की बात कही थी, इसी का जवाब देने के लिए 4 मई को जन स्वाभिमान सम्मेलन बुलाया गया है। वे सुमन को दो–दो हाथ करने के लिए आमंत्रित करते हैं। उन्होंने कहा कि रामजीलाल सुमन द्वारा राणा सांगा पर अभद्र टिप्पणी करना बर्दाश्त नहीं हैं। पन्नेर, बघराया, नूरपुर, बांदीपुर, नगला मान, मान महो, मल्हो, गढ़ी धारू, नया नगला, गढ़ी धारू गढ़ी आदि गांवों में प्रताप सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष ललित राणा ने लोगों से सम्मेलन में भाग लेने की अपील की। प्रताप सेना के ब्रज क्षेत्र अध्यक्ष नितिन शेखावत और अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा के जिला अध्यक्ष ठाकुर जुगेंद्र सिंह ने भी लोगों से कार्यक्रम में शामिल होने के लिए कहा। जनसंपर्क में हरेंद्र सिसोदिया, अंकुर सिसोदिया, सागर सिसोदिया, रॉकी चौहान, सतेंद्र सिंह, योगेश सेंगर, अंकित ठाकुर, विनेश तोमर, करण ठाकुर, विवेक ठाकुर, पंकज ठाकुर आदि उपस्थित रहे।

# हाथरस में आगरा–अलीगढ़ नेशनल हाईवे पर हतीसा बाईपास के पास एक हिट एंड रन की घटना सामने आई



हाथरस में आगरा–अलीगढ़ नेशनल हाईवे पर हतीसा बाईपास के पास एक हिट एंड रन की घटना सामने आई है। अज्ञात वाहन की टक्कर से एक प्राइवेट चिकित्सक की मौके पर ही मौत हो गई। मृतक की पहचान पवन (36) के रूप में हुई है।वह हाथरस कोतवाली सदर क्षेत्र के मोहल्ला नवींपुर में प्राइवेट प्रैक्टिस करते थे। दुर्घटना के समय वह बाइक से हतीसा की ओर से आ रहे थे रहे थे। स्थानीय लोगों ने घायल पवन को जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।परिवार में शोक की लहर दुर्घटना के बाद वाहन चालक अपना वाहन लेकर मौके से फरार हो गया। पवन अपने पीछे तीन बच्चों सहित परिवार को छोड़ गए हैं। दुर्घटना की जानकारी मिलने पर उनके परिवार में कोहराम मच गया और गांव में मातम छा गया।पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# हाथरस के कलेक्ट्रेट सभागार में एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया




जिलाधिकारी ने हाथरस में 25 होमगार्ड्स को किया सम्मानित

हाथरस के कलेक्ट्रेट सभागार में एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में जिलाधिकारी राहुल पांडेय ने हरियाणा विधानसभा चुनाव 2024, दिल्ली विधानसभा चुनाव 2025 और प्रयागराज महाकुंभ मेला में उत्कृष्ट सेवाएं देने वाले 25 होमगार्ड्स को सम्मानित किया।कार्यक्रम की शुरुआत में होमगार्ड जवानों ने जिलाधिकारी को गार्ड ऑफ ऑनर दिया। जिला कमांडेंट होमगार्ड्स अनुराग सिंह ने जिलाधिकारी राहुल पांडेय का स्वागत बुके और प्रतीक चिन्ह भेंट कर किया। जिलाधिकारी ने सम्मानित होमगार्ड्स की सराहना करते हुए कहा कि उन्होंने अपने कर्तव्यों का निर्वहन पूर्ण मनोयोग, लगन और निष्ठा से किया है।उनके इस कार्य से विभाग की छवि जनता में सकारात्मक बनी है। उन्होंने सभी होमगार्ड्स की प्रशंसा की। कार्यक्रम में अपर जिलाधिकारी वित्तध्राजस्व डॉ. बसंत अग्रवाल, अपर जिलाधिकारी न्यायिक शिव नारायण, जिला सूचना अधिकारी सहित अन्य अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे।

# सोमवार को जिला अस्पताल की ओपीडी में दो हजार से अधिक मरीज



हाथरस में तेज गर्मी से लोगों का स्वास्थ्य प्रभावित हो रहा है। सबसे अधिक प्रभाव बच्चों पर देखा जा रहा है। सोमवार को जिला अस्पताल की ओपीडी में दो हजार से अधिक मरीज पहुंचे। इनमें लगभग 200 बच्चे डायरिया, उल्टी–दस्त, बुखार और त्वचा संबंधी बीमारियों से पीड़ित थे।सुबह से ही शुरू होने वाली गर्मी और दोपहर की तेज धूप के साथ गर्म हवाएं लोगों को परेशान कर रही हैं। जिला अस्पताल में रोजाना 200 से अधिक बच्चे विभिन्न बीमारियों का इलाज कराने आ रहे हैं। निजी अस्पतालों में भी बीमार बच्चों की संख्या बढ़ी है।गर्मी और दूषित खान–पान है बीमारी की वजह बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. सुनील अग्रवाल के अनुसार, गर्मी और दूषित खान–पान के कारण बच्चे उल्टी, दस्त और पेट दर्द से पीड़ित हो रहे हैं। कई बच्चे एलर्जी की भी शिकायत ले कर आ रहे हैं। डॉक्टरों ने अभिभावकों को सलाह दी है कि बच्चों को धूप से बचाएं। साफ–सफाई का विशेष ध्यान रखें। बाहर का या बासी खाना न खिलाएं। बीमारी की स्थिति में तुरंत योग्य चिकित्सक से संपर्क करें।

हाथरस में सहपऊ क्षेत्र के गांव रुदायल निवासी 50 वर्षीय रोडवेज चालक जगवीर सिंह पुत्र चन्दन सिंह सड़क दुर्घटना में घायल हो गए। उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई। जिससे परिवार में मातम छा गया।जगवीर सिंह 27 अप्रैल रात आगरा से बनारस जा रही रोडवेज बस को चला रहे थे । रात डेढ़ बजे के करीब ताज डिपो आगरा की बस कानपुर देहात स्थित रनिया थाना क्षेत्र के मंटोरा पुल के ऊपर आगे चल रहे एक ट्रक में पीछे से जा घुसी। बस का अगला हिस्सा एक साइड से क्षतिग्रस्त हो गया। हादसे में बस चालक जगवीर सिंह निवासी रुदायल, बस केबिन में सवार सहयोगी चालक 52 वर्षीय भूपेंद्र सिंह निवासी बिंदु कटरा टुकपुरा आगरा, 30 वर्षीय परिचालक अनिल कुमार निवासी डीग राजस्थान समेत 23 लोग घायल हो गए। जगवीर सिंह को कानपुर के मेडीकल में भर्ती कराया गया, जहां उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई। जगवीर सिंह 27 अप्रैल शाम को आगरा गए थे और हर रोज घर से ही आगरा रोडवेज बस चलाकर वापस घर आ जाते थे। 27 अप्रैल शाम को वह घर एक दिन बाद आने की कहकर गए थे, पर लौट कर नहीं आ सके। वह अपने पीछे पत्नी के अलावा विवाहित पुत्री एवं दो पुत्रों को रोते–बिलखते छोड़ गए। दुर्घटना की सूचना मिलते ही परिजन रात में ही कानपुर चले गए। हादसे में मौत से गांव में मातम छा गया। सभी को उनके शव के आने का इंतजार है।

# सादाबाद तहसील में बिजली कटौती के विरोध में किसानों ने बिसावर बिजलीघर पर प्रदर्शन किया



सादाबाद तहसील में बिजली कटौती के विरोध में किसानों ने बिसावर बिजलीघर पर प्रदर्शन किया। किसानों ने 33ध्11 केवी उपकेन्द्र पर कर्मचारियों का घेराव किया। उन्होंने विद्युत विभाग के उच्च अधिकारियों से दूरभाष पर अपनी समस्या बताई। अधिकारियों ने आज से निर्बाध बिजली आपूर्ति का आश्वासन दिया है।किसानों ने चेतावनी दी है कि कल से सुचारू आपूर्ति नहीं होने पर बिजलीघर पर तालाबंदी कर देंगे। भाजपा नेता जगवेंद्र चौधरी ने बताया कि बिसावर बिजलीघर से जुड़े सभी गांवों के फीडरों को शासनादेश के अनुसार बिजली नहीं मिल रही है। इससे बाजरा, ज्वार, मूंग, तरबूज, खरबूज, लौकी, तोरई, खीरा और काकड़ी जैसी फसलों की सिंचाई प्रभावित हो रही है।गर्मी के कारण फसलें सूख रही हैं। किसानों का कहना है कि यदि उन्होंने बिजली आपूर्ति सही नहीं की तो मंगलवार से तालाबंदी कर दी जाएगी उसके साथ ही तहसील के पूरे किसान अपने क्षेत्र के बिजली घरों पर जाकर विरोध प्रदर्शन एवं तालाबंदी करेंगे। मौके पर मौजूद जूनियर इंजीनियर ने किसानों को समस्या के समाधान का आश्वासन देकर शांत किया। उन्होंने बिजली व्यवस्था में सुधार का वादा किया है।



# अलीगढ़ में यूट्यूबरों पर हमले और पुलिस की कथित निष्क्रियता के विरोध में भीम आर्मी और पीड़ितों के परिजन एसएसपी कार्यालय पहुंचे



अलीगढ़ में यूट्यूबरों पर हमले और पुलिस की कथित निष्क्रियता के विरोध में भीम आर्मी और पीड़ितों के परिजन एसएसपी कार्यालय पहुंचे। आरोपियों की गिरफ्तारी और रिश्वतखोर दरोगा को सस्पेंड करने की मांग को लेकर जमकर हंगामा हुआ। प्रदर्शनकारियों ने एसएसपी गेट पर धक्का–मुक्की की और मायावती के झंडे लहराए। बताया गया है कि दोनों युवकों को लड़की छेड़ने के आरोप में पीटा था। दारोगा पर लगाए रिश्वत लेकर छोड़ने के आरोप भीमआर्मी के कार्यकर्ता बड़ी संख्या में जुटे दलित जाति के दो युट्यूबरों को पीटने और पुलिस कार्रवाई पर उनके स्वजन और भीम आर्मी के कार्यकर्ता सा.मवार को एसएसपी कार्यालय पहुंच गए। पुलिस और प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की। एसएसपी गेट पर धक्का—मुक्की की। स्थिति बढ़ते देख पीएसी बुला ली गई।एसएसपी कार्यालय के बाहर मायावती के झंडे लहराए गए। प्रदर्शनकारी आरोपितों की गिरफ्तारी और भ्रष्टाचार का आरोप लगाकर आरोपित दरोगा को सस्पेंड करने की मांग कर रहे थे। प्रदर्शनकारी एसएसपी को कार्यालय से बाहर आकर बात सुनने की मांग पर अड़े थे।एसएसपी ऑफिस के बाहद हंगामा करते लोग।बन्नादेवी के नगला कलार निवासी भगवती प्रसाद ने बताया कि उनका बेटा प्रदीप और राहुल डॉक्टर आंबेडकर पर प्रेणादायक वीडियो बनाते हैं। इसी वजह से रविवार को सुबह शिखावटी थाना लोधा गए थे। यहां वीडियो बना रहे थे। तभी अचानक 20 से 30 लोगों ने लाठी और बेल्टों से पीटा। लातों और घूंसों से मारा। इससे वे गंभीर घायल हो गए।लड़की छेड़ना बताया और बुला ली पुलिस दोनों युवकों को पीटने का कारण लड़की छेड़ना बताया और पुलिस को बुला लिया। पुलिसवालों ने शांतिभंग में दोनों को जेल भेज दिया। उसके बाद लोधा थाने के एक दारोगा ने रिश्वत लेकर उन्हें जेल से बाहर निकाला। भीमआर्मी के कार्यकर्ता सुबह 11 बजे से हंगामा कर रहे हैं और एसएसपी को बाहर बुलाने की मांग कर रहे हैं।

## विश्व शांति जन कल्याण की कामना के लिए श्री शांतिनाथ महामंडल विधान का आयोजन

सोमवार को खिरनी गेट स्थित श्री लख्मीचंद पांड्या खंडेलवाल दिगम्बर जैन ट्रस्ट मंदिर में मुनि सेवा समिति के तत्वावधान में अक्षय तृतीया पर्व के पावन अवसर पर विश्व शांति जन कल्याण की कामना के लिए श्री शांतिनाथ महामंडल विधान का आयोजन किया गया जिसमें बड़ी संख्या में मौजूद श्रद्धालुओं द्वारा पूजा अर्चना कर भगवान से विश्व शांति जन कल्याण की कामना की गई। आचार्य श्री 108 आदित्य सागर जी मुनिराज ससंघ के पावन सानिध्य एवं विधानाचार्य शुभम भैया जी के निर्देशन में संगीत की लहरों में साथ जितेंद्र एण्ड पार्टी भरतपुर द्वारा त्रिदिवसीय 28 अप्रैल से 30 अप्रैल तक मंगल महाअर्चना धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन ध्वजारोहण की मांगलिक क्रियाओं से प्रारंभ हुआ।ध्वजारोहण करने का सौभाग्य कस्तूरी देवी जैन राजीव जैन श्रीमती इंद्रा जैन परिवार को प्राप्त हुआ। उससे पूर्व मंदिर जी में प्रातरू मूलनायक भगवान का अभिषेक एवं शांतिधारा हुई। प्रथम अभिषेक करने का सौभाग्य संजय जैन परिवार एवं सौधर्म इंद्र इंद्राणी बनने का विजय कुमार जैन निशि जैन सेठ संस परिवार को प्राप्त हुआ। चित्र अनावरण करने का सौभाग्य नरेश कुमार जैन राजेश जैन परिवार को दीप प्रज्जवलन राजकुमार जैन पवन जैन कलाई परिवार को आचार्य श्री के पाद प्रक्षालन प्रदीप जैन प्रिया जैन परिवार छिपेटी परिवार एवं शास्त्र भेंट श्रीमती धर्मश्री जैन को प्राप्त हुआ। आचार्य श्री ने अपने प्रवचन में पहलगाम हमले की कड़े शब्दों में निंदा की उन्होंने कहा कि यह दुरूखद घटना है, जिसकी जितनी भी निंदा की जाए, कम है यह आतंकवाद नहीं, महाआतंकवाद है किसी निर्दोष व्यक्ति को सिर्फ इसलिए मारा जाता है, क्योंकि वह किसी धर्म विशेष से जुड़ा हुआ है और ऐसा भारत की भूमि में होना हृदयविदारक है ऐसी घटना से हमें सतर्क और अलर्ट रहने की आवश्यकता है. सामूहिक स्तर पर इसका समाधान खोजा जाना चाहिए और कठोर से कठोर कार्रवाई की जानी चाहिए हमें ध्यान रखना पड़ेगा कि दुनिया में आतंक किसी भी समस्या का समाधान नहीं हो सकता है. किसी भी समस्या का समाधान हमेशा अहिंसा, प्रेम और शांति से होता है हम सभी को राष्ट्रीय भावनाओं से बढ़ना चाहिए और अपने राष्ट्र के प्रति अपनी जवाबदेही को ध्यान में रखते हुए देश के हर नागरिक को प्रेम देना चाहिए उन्होंने यह भी कहा कि आज अहिंसा की बहुत जरूरत है लेकिन अहिंसा का मतलब कायरता नहीं है। उन्होंने कहा कि भगवान महावीर ने कहा है कि अभय हुए बिना हिंसक नहीं हो सकता। देशवासियों को अभय बनाने के लिए भारत सरकार को सख्ती से पेश आना होगा और सख्त से सख्त कारवाई करनी होगी। शाम को आरती ,गुरुभक्ति एवं सम्मान समारोह का आयोजन हुआ। इस मौके पर प्रद्युम्न कुमार जैन ,नरेंद्र कुमार जैन,सुशील कुमार जैन,मयंक जैन,उदयवीर सिंह जैन ,संतोष जैन,गौरव जैन ,प्रकाश जैन,दीपेंद्र जैन,हरिकांत जैन,प्रदीप जैन,मधु जैन, पूर्वी जैन,रीता जैन,मंगेश जैन,अर्चना जैन,मीनू जैन,कल्पना जैन, बीना जैन मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

## आयुक्त अलीगढ़ मण्डल अलीगढ़ संगीता सिंह ने कोमलिका फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी का किया निरीक्षण

अलीगढ़ आयुक्त अलीगढ़ मण्डल अलीगढ़ संगीता सिंह ने सोमवार को कृषि विभाग द्वारा संचालित श्कोमलिका फार्मर प्रोड्यूसर कंपनीश के कार्य प्रबंधन एवं संचालन का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कंपनी द्वारा किसानों के हित में किए जा रहे कार्यों की सराहना की और उनसे जुड़े उत्पादों, विपणन प्रक्रियाओं और किसानों को मिल रहे विभिन्न प्रकार के लाभों की जानकारी प्राप्त की। उन्होंने किसानों से फार्मर रजिस्ट्री जल्द से जल्द कराए जाने एवं 70 वर्ष से अधिक आयु वाले व्यक्तियों को आयुष्मान कार्ड बनवा लेने का आव्हान किया। कार्यक्रम में मण्डलायुक्त ने मिशन ऑन एग्रीकल्चर मैकेनाइजेशन योजना में ग्राम वाद वामनी के किसान हरेन्द्र पाल सिंह को रोटावेटर एवं ट्रैक्टर की चाबी प्रदान की।मंडलायुक्त ने कंपनी प्रबंधन को निर्देशित किया कि किसान उत्पादक संगठनों को और अधिक सक्रिय बनाया जाए ताकि अधिक से अधिक कृषक लाभान्वित हो सकें। उन्होंने कहा कि एफप.ीओ के माध्यम से किसानों को बेहतर बाजार, तकनीकी जानकारी एवं प्रशिक्षण की सुविधा मिलनी चाहिए। सरकार भी एफपीओ के सृजन और सशक्तिकरण के लिए विभिन्न योजनाओं और अनुदानों के माध्यम से सहायता प्रदान कर रही है। कृषि विभाग द्वारा प्रशिक्षण कार्यक्रम, वित्तीय सहायता और तकनीकी मार्गदर्शन देकर एफपीओ को आत्मनिर्भर बनाने का प्रयास किया जा रहा है। एफपीओ न केवल किसानों के आर्थिक सशक्तिकरण में सहायक बन रहे हैं, बल्कि ग्रामीण क्षेत्र में रोजगार सृजन और उद्यमिता को भी बढ़ावा दे रहे हैं। भविष्य में कृषि क्षेत्र के सतत



विकास और खाद्य सुरक्षा में एफपीओ की भूमिका और भी महत्वपूर्ण होगी।इस अवसर पर मंडलायुक्त ने परिसर में विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉल का भी अवलोकन किया। स्टॉलों पर कृषि, पशुपालन, उद्यान, मत्स्य, स्वास्थ्य, महिला एवं बाल विकास, नेडा, ग्रामीण विकास एवं स्वयं सहायता समूहों से संबंधित योजनाओं की जानकारी प्रदर्शित की गई थी। उन्होंने संबंधित अधिकारियों से योजनाओं की प्रगति की जानकारी ली और किसानों को इनसे अधिकतम लाभ दिलाने के निर्देश दिए।क.ोमालिका फार्म प्रोड्यूसर के चेयरमैन आर0पी0 पचौरी ने बताया कि वर्ष 2018 में गठित एफपीओ में 10 किसान सदस्य थे। 07 वर्ष बाद आज 1595 किसान जुड़ गए हैं। एफपीओ के माध्यम से बीज उत्पादन, एग्रीकल्चर इनपुट, गेंहू की सरक.ारी खरीद, उन्नत प्रजाति के बीज बनाने एवं बिक्री करने एवं किसानों का आलू विदेशों में निर्यात करना प्रमुख रहा है। 202324 में कम्पनी का टर्नओवर 732.96 लाख रहा, जिसमें लाभांश की धनराशि 31 लाख से अधिक रही। सरकार द्वारा फार्म मशीनरी बैंक से 08 लाख, बीज विधायन संयंत्र में योजना 60 लाख, मिलेट्स पुन.रोद्धार कार्यक्रम में 04 लाख और मिलेट्स प्रोसेसिंग प्रोजेक्ट पर 47.50 लाख का अनुदान प्राप्त हुआ है। मा0 मुख्यमंत्री जी द्वारा कम्पनी को चौधरी चरण सिंह किसान सम्मान से भी सम्मानित किया गया है। उन्होंने कहा कि सरकार और स्थानीय अधिकारियों के भरपूर सहयोग से उन्होंने गुयाना और बहरीन में भी आलू निर्यात किया है। निरीक्षण के दौरान उप निदेशक कृषि यशराज सिंह ने किसानों को अनुदान पर दिए गए उर्दमूंग के बीज की फसल का भी मण्डलायुक्त को अवलोकन कराया।इस अवसर पर संयुक्त निदेशक कृषि डॉ0 नंदकिशोर, उपनिदेशक भूमि संरक्षण डॉ0 हरेंद्र मिश्रा, उपनिदेशक कृषि रक्षा सतीश मलिक, उप निदेशक कृषि यशराज सिंह, जिला कृषि अधिकारी धीरेंद्र कुमार, एसडीएम कॉल दिग्विजय सिंह खंड विकास अधिकारी, कृषि विभाग के अन्य अधिकारी एफपीओ के पदाधिकारीगण एवं अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## इंडियन एजुकेशन एसोसिएशन जिला ईकाई अलीगढ़ द्वारा पहलगाम में हुई आतंकी घटना के विरोध में निकाला गया मार्च और राष्ट्रपति महोदया के नाम दिया ज्ञापन

इंडियन एजुकेशन एसोसिएशन के बैनर तले जम्मू कश्मीर के पहलगाम में हुई आतंकी घटना के विरोध में समस्त अलीगढ़ जिले के स्कूलों को बंद रखने के आवाहन पर जिले के सभी स्कूलों को बंद रखा गया और इंडियन एजुकेशन एसोसिएशन के बैनर तले नौरंगीलाल राजकीय इंटर कॉलेज से जिलाधिकारी कार्यालय तक विशाल पैदल मार्च किया गया जिसमें संगठन के सभी राष्ट्रीय पदाधिकारी एवं अलीगढ़ जिले के सभी पदाधिकारी, सदस्यगण उपस्थित रहे। पैदल मार्च में लगभग अधिक संख्या में विद्यालय संच.ालक, प्रधानाचार्य इंडियन एजुकेशन एसोसिएशन के समस्त ब्लॉक के पदाधिकारी भी उपस्थित रहे।ज्ञापन के माध्यम से संगठन ने सरकार से मांग की कि आतंकवादियों को जल्दी से जल्दी ढूंढ कर उन्हें सख्त से सख्त सजा मिलनी चाहिए और जो देश आतंकवादियों को बढ़ावा देता है उसे भी कड़ी से कड़ी सजा मिली चाहिए। पीड़ित परिवारों को न्याय मिल सके। इस दौरान राष्ट्रीय संरक्षक नीरज शर्मा, राष्ट्रीय अध्यक्ष गौरव गुप्ता गुरुजी, वित्तविहीन शिक्षक महासभा के आगरा खंड प्रभारी पवन शर्मा, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष गोपाल शर्मा राष्ट्रीय महासचिव जयदीप वार्ष्णेय,राष्ट्रीय अध्यक्ष महिला इकाई उषा पाल प्रदेश अध्यक्ष महिला इकाई रेनू चौधरी आईटी सेल के प्रदेश प्रमुख कर्तव्य चौधरी विशाल जादौन जिला अध्यक्ष नरेंद्र कुमार जिला उपाध्यक्ष सोनू गुप्ता संतोष मिश्रा जिला महासचिव योगेश सारस्वत जिला कोषाध्यक्ष नरेंद्र भारद्वाज जिला संगठन मंत्री अमन इकबाल अली हसन मलिक जिला अध्यक्ष महिला इकाई मंजू सिंह जितेंद्र पचौरी रघुराज सिंह लक्ष्मी चंद महेंद्र कुमार जीतू बघेल अनिरुद्ध चौ.हान हिमांशु वार्ष्णेय आदि मौजूद रहे।

## जिला मजिस्ट्रेट की अध्यक्षता में नारकोटिक्स कोऑर्डिनेशन की बैठक सम्पन्न



अलीगढ़ः जिला मजिस्ट्रेट संजीव रंजन की अध्यक्षता में कलैक्ट्रेट सभागार में सोमवार को नारकोटिक्स कोऑर्डिनेशन की जिला स्तरीय समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में मादक पदार्थों एवं नशीली दवाओं की तस्करी पर रोकथाम, अवैध व्यापार पर नियंत्रण एवं जन जागरूकता अभियान की समीक्षा की गई। डीएम ने अन्तर्विभागीय समन्वय एवं सूचनाओं के आदान–प्रदान से प्रतिबंधित पदार्थों का उपयोग पाए जाने पर प्रभावी कार्यवाही के लिए आपूर्तिकर्ता के स्रोत का पता लगाकर उनके विरूद्ध अभियान चलाने के निर्देश दिए। डीएम ने निर्देश दिए कि मादक पदा.र्थों के विरूद्ध जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाए जाने के साथ नशे के शिकार व्यक्तियों के पुनर्वास के लिए आवश्यक कदम उठाए जाएं। जिला मजिस्ट्रेट ने कहा कि युवाओं में नशीले पदार्थों का प्रयोग बढ़ता जा रहा है, जोकि एक गंभीर समस्या है। मादक पदार्थों के क्रय–विक्रय एवं उपयोग को रोकते हुए इसके दुष्परिणामों, हानिकारक प्रभावों के बारे में जनसामान्य को जागरूक किया जाए। उन्होंने कहा कि मेडिकल स्टोर्स पर प्रति.बंधित दवाओं की ब्रिक्री पर अंकुश लगाने के लिए बिना चिकित्सक की अनुमति से बिक्री न की जाए। उन्होंने समिति के सदस्यों को निर्देशित किया कि अलीगढ़ हरियाणा एवं दिल्ली प्रदेश से सटा हुआ है, जबकि राजस्थान राज्य भी अधिक दूर नहीं है, ऐसे में पुलिस एवं अभिसूचना तंत्र को सक्रिय करते हुए समय–समय पर इन राज्यों से आने वाली बसों व अन्य वाहनों की चौकिंग कर नशीले पदार्थों की तस्करी की संभावनाओं को शून्य किया जाए।उन्हा.ेने निर्देशित किया कि स्कूल कॉलेजों में नशीली दवाओं के सेवन के खिलाफ जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर युवाओं को नशीले पदार्थों से होने वाले दुष्परिणामों से अवगत कराया जाए।उन्होंने कहा कि एनडीपीएस अधिनियम के अंतर्गत नशीली दवाओं पदार्थों के उत्पादन, निर्माण, क्रय–विक्रय, परिवहन, भंडारण, उपयोग और उपभोग, अन्तर्राज्यीय और अंतर्देशीय आयात–निर्यात के अवैध व्यापार पर सख्त निगरानी रखी जाए। नशा मुक्ति केंद्रों एवं पुनर्वास केंद्रों के क्रियाकलापों का समय–समय पर पर्यवेक्षण भी किया जाए। एसपी ट्रैफिक मुकेश कुमार उत्तम ने कई महत्वपूर्ण छापेमारी अभियान में जब्त नशीले पदार्थों के बारे में जानकारी दी।बैठक में एडीएम सिटी अमित कुमार भट्ट, एडीएम वित्त मीनू राणा, उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ बी0के0 राजपूत, जिला आबकारीअधिकारी डी0के0 गुप्ता, जिला विद्यालय निरीक्षक डॉ सर्वदानन्द, आबकारी निरीक्षण कौशल कुमार, राजीव कुमार, वरूण नायक, सविता रानी, नगेन्द्र सिंह, प्रभारी निरीक्षक नारकोटिक्स सेल संजीव कुमार, समेत अन्य सम्बन्धित अधिकारी व समिति के सदस्य उपस्थित रहे।

## प्रदेश विधान परिषद की प्रदेशीय विद्युत व्यवस्था संबंधी जांच समिति 29 अप्रैल को करेगी अलीगढ़, एटा व हाथरस की समीक्षा

अलीगढ़ उत्तर प्रदेश विधान परिषद की श्प्रदेशीय विद्युत व्यवस्था संबंधी जांच समितिश28 अप्रैल को अलीगढ़ आकर रात्रि विश्राम करेगी।जिलाधिकारी संजीव रंजन ने उक्त जानकारी देते हुए बताया कि मा0 समिति द्वारा 29 अप्रैल को प्रातः 9:30 बजे से कलैक्ट्रेट सभागार में अलीगढ़, एटा व हाथरस के अधिकारियों के साथ विद्युत व्यवस्था संबंधी विभिन्न बिन्दुओं पर समीक्षा की जाएगी। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया है कि वह अद्यतन प्रगति रिपोर्ट एवं समस्त सूचनाओं सहित निर्धारित समय व स्थान पर बैठक में स्वयं प्रतिभाग करना सु.निश्चित करें।

## महुआ खेड़ा क्रिकेट ग्राउंड पर बने अलीगढ़ स्पोर्ट्स . एसोसिएशन के नए ऑफिस का उद्घाटन




महुआ खेड़ा क्रिकेट ग्राउंड पर बने अलीगढ़ स्पोर्ट्स एसोसिएशन के नए ऑफिस का उद्घाटन आज अलीगढ़ स्पोर्ट्स एसोसिएशन के अध्यक्ष विवेक बंसल ने रिबन काटकर अपने हाथों से किया। इसके बाद अलीगढ रूस्पोर्ट्स एसोसिएशन के महुआ खेड़ा क्रिकेट ग्राउंड– पर उत्तर प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन के तत्वाधान में अलीगढ़ स्पोर्ट्स एसोसिएशन के बैनर तले अंडर 16 जिला मैचेज का पहला मैच खेला गया जिसमें मुख्य अतिथि अलीगढ़ स्पोर्ट्स एसोसिएशन के अध्यक्ष विवेक बंसल रहे जिन्होंने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया तथा अच्छा प्रदर्शन करने के लिए उन्हें प्रेरित किया व शुभकामनाये दी। इस मौके पर ऑब्जर्वर उबैद कमाल (पूर्व रणजी ट्रॉफी खिलाड़ी, पूर्व सिलेक्ट जूनियर तथा सीनियर सिलेक्शन कमिटी तथा पूर्व चीफ सिलेक्टर उत्तराखंड) अंपायर आसिफ रजा और अमित वर्मा तथा स्कोरर आशुतोष बा.जपेई , अलीगढ़ स्पोर्ट्स एसोसिएशन के सेक्रेटरी अब्दुल वहाब टूर्नामेंट सिक्योरिटी अर्जुन सिंह फकीरा ट्रेनर अमित राजोरिया सतीश यादव मौजूद रहे।

# कासगंज वक्फ संशोधन से मुस्लिम समाज में बदलाव, विधवाओं और बच्चों के लिए बेहतर भविष्य

कासगंज : संवाददाता इंद्रपाल राजपूत



केंद्र सरकार द्वारा लागू किए गए वक्फ संशोधन अधिनियम को लेकर पार्टी हा. ईकमान के निर्देश पर रविवार को सोरों गेट पर कार्यालय में कार्यशाला का आयोजन हुआ। इस दौरान मुख्य अतिथि प्रदेश मंत्री के साथ ही जिलाध्यक्ष ने वक्फ संशोधन बिल को गरीब मुस्लिमों के लिए लाभदायक बताया।कार्यशाला का आरंभ मुख्य अतिथि प्रदेश मंत्री डीपी भारती ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय, श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर माल्यार्पण कर किया। इस दौरान प्रदेश मंत्री डीपी भारती ने कहा कि केंद्र सरकार ने वक्फ संशोधन अधिनियम 2025 लागू कर दिया है। वक्फ बिल को लेकर विपक्षी संगठन देश कि जनता को गुमराह कर रहे हैं। भाजपा ने जन जागरण अभियान के अन्तर्गत गोष्ठी आयोजित करके इस कानून के बारे में ला. गों को अधिक से अधिक जानकारी देना शुरू कर दिया है। साथ ही बताया है कि इस अधिनियम से गरीब मुस्लिम वर्ग को लाभ मिलेगा। कार्यशाला की अध्यक्षता कर रहे जिलाध्यक्ष नीरज शर्मा ने कहा कि संशोधन अधिनियम 2025 वक्फ बोर्ड की मनमानी पर अंकुश लगाने व मुस्लिमों के कल्याण एवं उनके जीवन स्तर को सुधारने के लिए सकारात्मक कदम है। वक्फ संशोधन अधिनियम की वक्फ आय से मुस्लिम महिलाओं की स्थिति सशक्त बनेगी। विधवाओं, तलाकशुदा महिलाओं व अनाथों के भरण पोषण में मदद मिलेगी। कार्यालय को मंचासीन निवर्तमान जिलाध्यक्ष केपी सिंह सोलंकी, नवल कुलश्रेष्ठ, राजवीर सिंह भल्ला, राजेंद्र बो. हरे, रामेश्वर दयाल महेरे, तौकीर अहमद, हीरालाल कश्यप ने भी कार्यशाला को सम्बोधित किया। कार्यशाला का संचालन जिला महामंत्री संजय सोलंकी ने किया।कार्यशाला के समापन पर जिलाध्यक्ष ने पत्रकारों से भी बातचीत की और सरकार की मंशा से अवगत कराते हुए वक्फ संशोधन बिल के बारे में बताया। इस दौरान उत्तम चंद्र पाथरे, केपी सिंह, राम. निवास राजपूत, अनुरोध प्रताप सिंह, रानू वर्मा, शरद गुप्ता, कृष्णकांत वशिष्ठ, डीएस लोधी, डा. खूब सिंह लोधी, केके सक्सेना, सांत्वना पाराशर, मयंक अग्रवाल,आदित्य कांकरिया, रंजीत प्रधान, कुलदीप प्रतिहार, हिमांशु उपाध्याय, प्रतीक माहेश्वरी, शिवम दीक्षित, प्रदीप चौहान, श्यामू यादव, मनोज चौहान, लवकुश राजपूत, मोहर सिंह, अनीश सैफी, आशुतोष जैन, दानिश अल्वी, इस्लाम अली, नौशाद खान, आरिफ अल्वी, सलीम खां, कमरुल इस्लाम सहित अन्य मौजूद रहे।

# एटा जिले की ग्राम पंचायत मिहुता के गांव गलारपुर में सफाई व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई



एटा जिले की ग्राम पंचायत मिहुता के गांव गलारपुर में सफाई व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है। बीते छह महीनों से गांव में कोई सफाई कर्मचारी नहीं आया, जिससे गलियां और नालियां गंदगी से पट गई हैं। हालात इतने खराब हो गए कि अब गांव के युवाओं ने खुद झाड़ू और फावड़े उठाकर सफाई शुरू कर दी है।गांव के रास्तों में कीचड़ और गंदे पानी के कारण स्कूली बच्चों को स्कूल जाने में काफी दिक. कतें आ रही हैं। मुख्य गली समेत अधिक. श गलियों में नालियां जाम हैं और सड़कें गंदे पानी से भरी हैं। ग्रामीण अतुल कुमार ने बताया कि कई बार ब्लॉक स्तर के अधिकारियों को शिकायत की गई, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई।बीमारी फैलने का खतरा प्रदेश में संचारी रोग नियंत्रण अभियान चल रहा है, इसके बावजूद गांव में गंदगी के चलते बीमारी फैलने का खतरा मंडरा रहा है। सुखबीर सिंह ने बताया कि गांव में सफाईकर्मी कई महीनों से नहीं आया है। मच्छरों और कीड़े–मकोड़ों के बढ़ने से लोग बीमार पड़ रहे हैं। उन्होंने बताया कि जब भी सफाई कर्मचारी आता है तो एक व्यक्ति काम करता है और दूसरा सिर्फ फोटो खींचकर औपचारिकता पूरी कर लेता है। सीएम हेल्पलाइन पर भी बेअसर शिकायतग्रामीणों ने गांव प्रधान से लेकर सफाईकर्मी तक कई बार गुहार लगाई, यहां तक कि सीएम हेल्पलाइन पर भी शिकायत दर्ज कराई, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हो सकी। मजबूरन ग्रामीणों ने खुद सफाई करने का बीड़ा उठाया है। अधिकारियों का जवाब मामला सामने आने पर खंड विकास अधिकारी फैसल आलम खान ने कहा कि शिकायत अब संज्ञान में आई है। तत्काल टीम भेजकर गांव में सफाई कराई जाएगी। उन्होंने बताया कि संचारी रोग अभियान के चलते सफाईकर्मियों की ड्यूटी अन्य जगहों पर लगी थी, फिर भी मामले की जांच कराई जाएगी कि गांव में सफाई क्यों नहीं हो रही है।

# सिटी स्कैन केंद्र में धमाके से मची अफरा–तफरी, मरीज बाहर की ओर भागे



कासगंज जिला अस्पताल के सिटी स्कैन केंद्र में सोमवार दोपहर डेढ़ बजे एक हादसा हुआ। केंद्र में लगे एयर कंडीशनर का पाइप अचानक तेज आवाज के साथ फट गया। पाइप से धुआं निकलने लगा।घटना के समय केंद्र में मौजूद मरीजों में दहशत फैल गई। सिटी स्कैन और अल्ट्रासाउंड केंद्र में मौजूद सभी लोग जान बचाने के लिए बाहर की ओर भागे।सूचना मिलते ही अस्पताल चौकी की पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने मरीजों को सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया। इसके बाद मैकेनिक को बुलाकर एसी को बंद करवाया गया।त. कनीकी जानकारों के अनुसार, तेज गर्मी के कारण एसी के अधिक गरम होने से यह हादसा हुआ। मरम्मत कार्य तुरंत शुरू कर दिया गया।

# कासगंज फायर NOC मिली मगर अग्निशमन यंत्र लगाना भूले...80 फीसद कोल्ड स्टोरेज आग से बेपरवाह

कासगंज : संवाददाता इंद्रपाल राजपूत



कासगंज आग धधकने का मौसम शुरू हो गया है। इस बीच बहुमंजिला भवनों में भी आग का खतरा बना रहता है। इधर, कोल्ड स्टोरेज में अग्निशमन यंत्र अनिवार्य कर दिए गए हैं। डेढ़ साल पहले की गई अनिवार्यता के बाद भी कासगंज में 80 फीसद से अधिक कोल्ड स्टोरेज स्वामी गंभीर नहीं हैं। अग्निशमन यंत्र न लगाने पर अग्निशमन विभाग ने उन्हें नोटिस दिया हैकोल्ड स्टोरेज स्वामियों को ढाई साल पहले शासनादेश के निर्देशों के क्रम में अग्निशमन विभाग ने पत्र जारी किया कि वे पानी की पंप, पाइप और अन्य अग्नि. नशमन यंत्र अपने कोल्ड स्टोरेज में लगा लें। इसके लिए उन्हें छह महीने की छूट भी दी गई थी। उस दौरान कोल्ड स्टोरेज की निगरानी के लिए उद्यान विभाग ने अग्नि. नशमन विभाग का अनापत्ति प्रमाण कोल्ड स्टोरेज स्वामियों से मांगा, लेकिन वे अना. पत्ति प्रमाण पत्र नहीं दे सके। तब अग्नि. नशमन विभाग ने उनसे शपथ पत्र लिया। उसके बाद अनापत्ति प्रमाण पत्र दे दिया, लेकिन शपथ पत्र देने के बावजूद भी कोल्ड स्टोरेज स्वामी अब तक अग्निशमन यंत्र नहीं लगा पाए हैं।अग्निशमन विभाग ने नोटिस जारी कर दिए हैं। साथ ही चेता. वनी दी है कि जल्द ही अग्निशमन यंत्र न लगे तो कार्रवाई होगी। विभाग उन्हें बिना अग्निशमन यंत्र के अनापत्ति प्रमाण पत्र भी नहीं देगा। आंकड़ों के मुताबिक जिले में कुल 14 कोल्ड स्टोरेज हैं जिसमें से 2 कोल्ड स्टोरेज ही मानक पूरे कर रहे हैं।उद्यान निरीक्षक रवि चंद्र जयसवाल ने बताया कि अधिकांश कोल्ड स्टोरेज संच. ालक मनमानी कर रहे हैं और अग्निशमन यंत्र नहीं लगा रहे हैं। अग्निशमन यंत्र उन्हीं के लिए फायदेमंद है। कोल्ड स्टोरेज स्वामी ध्यान दें अन्यथा अनापत्ति प्रमाण पत्र नहीं दिया जाएगा। जिला अग्निशमन अधिकारी आरके तिवारी का कहना है कि समय समय पर अग्निशमन विभाग द्वारा निरीक्षण किया जाता है। अग्निशमन यंत्रों को चेक किया जाता है। जहां अग्निशमन यंत्र पर्याप्त नहीं होते हैं, उनके खिलाफ नोटिस जारी कर यंत्र लगवाए जाते हैं।

# कासगंज : गर्मी में तपने लगे ट्रांसफार्मर तो कूलर लगाकर ठंडा कर रहा बिजली विभाग



कासगंज गर्मी के लगातार बढ़ रहे प्रकोप से बिजली आपूर्ति सुचारू रखना ऊर्जा निगम के लिए मुश्किल हो रहा है। अधिक तापमान व बिजली उपकरणों पर लोड बढ़ने से जहां उपकरणों के खराब हो जाने या फुंक जाने का खतरा बना हुआ है। वहीं तापमान को नियंत्रित रखने के लिए ट्रांसफार्मरों को कूलर व पंखे से हवा उपलब्ध कराई जा रही है।भीषण गर्मी ने बिजली विभाग की भी मुश्किलें बढ़ा दी हैं। बिजली आपूर्ति को सुचारू रखने के लिए विभाग के कर्मचारी–अधिकारी रात दिन उपभोक्ताओं को बिजली उपलब्ध कराने व अपने उपकरणों को खराब होने या फुंक जाने से बचाने के लिए मशक्कत कर रहे हैं। बताते चलें कि क्षेत्र के प्रभु पार्क, मिटोना बिजली घर, नदरई विद्युत सब स्टेशन आदि बिजली घरों पर लगाए गए ट्रांसफार्मर गर्मी के कारण उबल रहे हैं। आमतौर पर बिजली घरों में लगाए जाने वाले ट्रांसफार्मरों का तापमान 65 से 60 डिग्री तक रहता है। वर्तमान समय में अधिक गर्मी के कारण यह तापमान 75 डिग्री तक पहुंच रहा है। ट्रांसफार्मर फुंक न जाएं इसके लिए प्रभु पार्क से लेकर मिटोना तक बिजली घरों में लगे ट्रांसफार्मरों को कूलर व पंखे से हवा उपलब्ध कराई जा रही है।प्रभु पार्क एसडीओ अभिषेक ऋषि का कहना है कि ट्रांसफार्मरों में तापमान को कंट्रोल करने वाले उपकरण लगे होते हैं, लेकिन उनकी ऊपरी सतह को ठंडा रखने के लिए पंखे व कूलर का इस्तेमाल कियाजा रहा है। गर्मी के कारण बिजली का लोड डेढ़ गुना तक बढ़ गया है, जिसे नियंत्रित रखने का प्रयास लगातार किया जा रहा है। ट्रांसफार्मर को ठंड करने के लिए कूलर लगाए गए हैं, ताकि शहरवासियों को नि. रंतर बिजली की आपूर्ति होती रहे है।

# एटा के जलेसर थाना क्षेत्र में एक नशेड़ी द्वारा की गई बदसलूकी और मारपीट की घटना सामने आई

एटा के जलेसर थाना क्षेत्र में एक नशेड़ी द्वारा की गई बदसलूकी और मारपीट की घटना सामने आई है। घटना में एक दंपति समेत तीन लोग घायल हो गए हैं। पीड़ित विपिन के अनुसार, उनकी पत्नी गाय को चारा देने जा रही थी। रास्ते में वह एक महिला से बात कर रही थी।इसी दौरान आरोपी जुगनू (संतोष का पुत्र) वहां आया और महिला से बदसलूकी करने लगा। विरोध करने पर उसने मारपीट शुरू कर दी। पीड़िता ने जलेसर थाने में शिकायत दर्ज कराई। इसके बाद आरोपी ने दोबारा हमला कर दिया।इस हमले में विपिन (रा. जेंद्र के पुत्र), उनकी पत्नी रागिनी और एक रिश्तेदार घायल हो गए। पुलिस ने सभी घायलों का मेडिकल परीक्षण करवाया। गंभीर चोटों के कारण तीनों को एटा मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है। जहां उनका इलाज जारी है।थाना प्रभारी से संपर्क का प्रयास किया गया। लेकिन उनके सरकारी नंबर पर कोई जवाब नहीं मिला। पुलिस का पक्ष मिलने के बाद मामले में आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# कासगंज दर्दनाक मौत...घर के बाहर बैठी बुजुर्ग महिला को बेकाबू ट्रैक्टर ट्रॉली ने रौंदा

कासगंज पटियाली क्षेत्र में तेज रफ्तार ट्रैक्टर ट्रोली ने घर के बाहर बैठी (72) वृद्ध महिला को कुचल दिया। जिससे महिला की मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने पंचायत नामा भरकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। घटना को लेकर परिवार में कोहराम मचा हुआ है। ट्रैक्टर ट्रॉली पुलिस के कब्जे में है। पुलिस चालक की तलाश कर रही है।गांव नगला मई निवासी (72) राजवती पत्नी सूरजपाल सिंह सोमवार की दोपहर घर के बाहर बैठी थी, तभी तेज रफ्तार ट्रैक्टर ट्रॉली वहां गुजर रहा था। चालक की लापरवाही से तंबाकू से भरी ट्रॉली महिला के ऊपर से गुजर गई। महिला को परिजन सीएचसी पर लेकर पहुंचे। जहां चिकित्सकों ने परीक्षण के बाद महिला को मृत घोषित कर दिया। परिजनों ने घटना की जानकारी थाना पुलिस को दी । सूचना पर पहुंची पुलिस ने पंचनामा की कार्रवाई के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतक के परिजनों का आरोप है कि ट्रैक्टर चालक की लापरवाही के चलते यह घटना घटी है। घटना को लेकर परिजनों में को. हराम मचा हुआ है। इंस्पेक्टर राधेश्याम ने बताया ट्रैक्टर ट्रॉली पुलिस के कब्जे में है।



संवाददाता इंद्रपाल राजपूत

परिजनों द्वारा अभी तक कोई तहरीर प्राप्त नहीं हुई है। शव का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है। तहरीर मिलने पर मुकदमा दर्ज कर मामले में विधिक कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल थाना पुलिस ट्रैक्टर चालक की तलाश कर रही है।

# एटा के अलीगंज कस्बे में नौ दिवसीय श्री रघुनाथ कथा का सोमवार को समापन हुआ

एटा के अलीगंज कस्बे में नौ दिवसीय श्री रघुनाथ कथा का सोमवार को समापन हुआ। कथा के अंतिम दिन हवन यज्ञ के साथ सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया। कथावाचक आचार्य केशवम अवस्थी महाराज ने सुंदरकांड की महिमा का वर्णन किया।उन्होंने बताया कि सुंदरकांड पाठ से व्यक्ति भवसागर से पार हो जाता है। इससे जीवन में कठिनाइयां नहीं आतीं। सुंदरकांड श्रवण से मनुष्य का आत्मिक और भौतिक ज्ञान बढ़ता है।आचार्य जी ने कहा कि सांसारिक वस्तुओं से तृप्ति नहीं मिलती। वास्तविक संतुष्टि के लिए भगवान की शरण में जाना आवश्यक है। जो परमात्मा की भक्ति करता है, वह अमर हो जाता है।इस दौरान कार्यक्रम में श्री राम राज्याभिषेक के बाद श्री रघुनाथ की आरती की गई। समापन पर प्रसाद वितरण किया गया। इस अवसर पर आरएसएस विभाग कार्यवाहक सौरभ चौहान, कायाकल्प प्रभारी सत्य प्रताप सिंह राठौड़, व्यापार मंडल अध्यक्ष विनोद आर्य, श्रीमती नीलम राठौर,



राजेश राठौर, सुनील सीमेंट वाले, अर्जित अग्रवाल, पंकज चौहान सहित अनेक श्रद्धालु उपस्थित रहे।